# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## शुक्रवार, 3 मार्च, 2017/ 12 फाल्गुन, 1938 (शक्)

----

[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री ].

कुल प्रश्न - 14

----

### मेडिकल कालेज का हस्तांतरण

***3694 श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि Employees State Insurance Medical College नेरचौक को प्रदेश सरकार को हस्तांतरित करने की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या Medical Council of India की टीम यहां निरीक्षण कर चुकी है; ब्यौरा दें ?

----

### H.P.M.C.

***3695 Sh. Suresh Bhardwaj (Shimla):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Himachal Fruit Growers Cooperative Marketing & Processing Society Ltd. Shimla known as Himprocess has entered into an agreement with Horticulture Produce Marketing and Processing Corporation to run its Jabli plant; if yes, place a copy of agreement on the Table of the House;

(b) whether the period to run the plant by HPMC has expired and plant has been handed over to Himprocess;

(c) whether the Jabli plant is in running condition and HPMC has processed the Licence to own the plant; and

(d) whether HPMC has sublet its cold storage violating the conditions of agreement; details be furnished?

----

## Civil Hospital Dalhousie

***3696 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) how much amount has been spent on the new block of Civil Hospital Dalhousie, so far;

(b) how much money is required to complete the civil works, electricity and water connection for the new block of Civil Hospital Dalhousie; and

(c) by when the building is likely to be completed?

----

## लैंटाना से मुक्ति

***3697 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश की कितनी भूमि लैंटाना द्वारा प्रभावित है; इसमें से कितनी निजी व कितनी वन विभाग की है; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) गत चार वर्षों में लैंटाना से मुक्ति हेतु क्या-क्या पग उठाए गए तथा कितनी धनराशि व्यय की गई व इस अवधि में कितनी भूमि लैंटाना से मुक्त हुई; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## बुढ़ापा पैंशन

***3698 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक सरकार ने प्रदेश में 80 वर्ष के कितने बुजुर्गों को बिना शर्त के बुढ़ापा पैंशन स्वीकृत की है; और

(ख) सरकार क्या बुढ़ापा पैंशन की इस आयु सीमा को 70 वर्ष करने का विचार रखती है?

----

## ट्रॉमा सैन्टर

***3699 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या चम्बा में बढ़ती वाहनों की दुर्घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या के दृष्टिगत यहां ट्रॉमा सैन्टर (Trauma Centre) खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## विधायक प्राथमिकता

***3700 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 दिसम्बर, 2016 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत कितनी उठाऊ पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं की DPRs तैयार की गई और कितनी योजनाओं का कार्य प्रारम्भ किया गया; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) इस अवधि में अन्य मदों में कितनी LWSS, LIS व अन्य योजनाएं बन कर तैयार हुईं; ब्यौरा दें?

----

## आयुर्वेदिक औषधालय कुटाहची व सेगली

***3701 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आयुर्वेदिक औषधालय कुटाहची व सेगली में कितने समय से डॉक्टर के पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## स्वास्थ्य संस्थान में रिक्तियां

***3702 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने स्वास्थ्य संस्थान/केन्द्र स्थापित हैं; और

(ख) इनमें चिकित्सक, विशेषज्ञ, पैरा-मेडिकल स्टाफ व अन्य श्रेणियों के कितने-कितने पद सृजित हैं; इनमें से कितने पद भरे हुए हैं; कितने कब-कब से रिक्त हैं तथा कितने डेप्यूटेशन पर थे या हैं; ब्यौरा संस्थान/केन्द्रवार दें?

----

## बाढ़ नियन्त्रण योजना

***3703 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि बाढ़ नियन्त्रण योजना पलचान से ब्यास नदी एवं रास्ते में मिलने वाले नदी-नालों के तटीयकरण की प्रथम चरण जो लारजी तक है, वित्त मंत्रालय केन्द्र सरकार को स्वीकृति हेतु भेजी गई है; यदि हां, तो कब और इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इस योजना का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किया जाएगा?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

***3704 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चामियां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की अधिसूचना जारी की है; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यशील हो गया है?

----

## चिकित्सकों की नियुक्तियां

***3705 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं, इनमें से कितने पद भरे हुए हैं तथा कितने रिक्त हैं, इनमें कितने विशेषज्ञ चिकित्सक हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) प्रदेश में कितने सुपर स्पैशलिस्ट हैं व किस संस्थान एवं विभाग में कार्यरत हैं; ब्यौरा दें?

----

## उठाऊ सिंचाई योजना

***3706 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी पेयजल एवं उठाऊ सिंचाई योजनाओं को विधायक प्राथमिकता में डाला गया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## टैंकों में रिसाव

***3707 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल कुल्लू एवं शमशी के अन्तर्गत कितनी योजनाओं के डिसिल्टिंग टैंक एवं बैड्ज उपयोग से पहले ही लीक हो रहे हैं अथवा पानी छोड़ते ही लीकेज सामने आई है; ब्यौरा योजनाश: दें;

(ख) मानकों के अनुसार कार्य न होने के कारण सम्बन्धित ठेकेदारों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा योजनाश: सभा पटल पर रखें; और

(ग) इन योजनाओं को अविलम्ब चालू करने  हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

**शिमलाः 171004.** | **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 15 फरवरी, 2017.** | **सचिव।**